प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 27.03.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश में आज से शुरू हुई मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना—मुख्यमंत्री ने रायपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- श्रम मंत्री ने आज श्रमिकों के बैंक खाते में तिरपन करोड़ तैंतालीस लाख रूपये से अधिक की राशि ऑनलाइन अंतरित की।
- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा कल रायपुर के प्रदेश भाजपा कार्यालय में "सौगात—ए—मोदी" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- कबीरधाम जिले में दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का आज होगा समापन।

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना

प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना फिर से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से प्रदेश के लगभग आठ सौ यात्री तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना से हितग्राहियों को तीर्थ दर्शन का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रायोजना के तहत दर्शनार्थियों को मदुरई, तिरुपति और रामेश्वरम के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन में यात्रियों के लिए खाने—पीने के साथ ही चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

श्रमिक राशि

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज नवा रायपुर में करीब एक लाख पंद्रह हजार श्रमिकों के बैंक खाते में तिरपन करोड़ तैंतालीस लाख रूपये से अधिक की राशि ऑनलाइन अंतरित की। श्रम विभाग की ओर से पिछले सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग पांच सौ करोड़ रूपए अंतरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर श्री देवांगन मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु और दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को बीस—बीस हजार रूपये का चेक प्रदान किया।

दुर्ग—आरंग/सिक्सलेन

दुर्ग से आरंग तक बयानवे किलोमीटर से अधिक लंबाई के सिक्सलेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण अगले वर्ष जून तक पूरा होने की संभावना है। यह जानकारी लोकसभा में आज दुर्ग सांसद विजय बघेल के सवाल के जवाब में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी। उन्होंने बताया कि इस राजमार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री गडकरी ने बताया कि दुर्ग—बालोद स्टेट हाइवे—सात में सी.एस.आई.टी. दुर्ग के पास और दुर्ग—पाटन स्टेट हाइवे—बाईस में फुंडा गांव के पास कनेक्टिंग—एप्रोच रोड इंटरचेंज की सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

भाजपा अल्पसंख्यक—"सौगात—ए—मोदी"

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में कल अट्ठाईस मार्च को रायपुर के एकात्म परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में "सौगात—ए—मोदी" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज और विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित मोर्चा के अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि रमजान के मद्देनजर "सौगात–ए–मोदी" कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के गरीब परिवार के लोगों को सामग्री किट का वितरण किया जाएगा।

कृषि विवि–प्रदर्शनी

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल से तीन दिवसीय कृषि उत्पादक संगठन मेला सह प्रदर्शनी शुरू हो गई है। कृषि विकास और किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषक उत्पादक संगठनों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है और देशभर में दस हजार से अधिक एफ.पी.ओ. के गठन का लक्ष्य रखा गया है।

तीन दिवसीय इस मेले में प्रदेश के विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा निर्मित प्रसंस्कृत और जैविक खाद्य उत्पाद प्रदर्शन तथा बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के पचास कृषक उत्पादक संगठन शामिल हो रहे हैं।

सीबीआई–अभिषेक महेश्वरी

महादेव सट्टा ऐप मामले में राजनांदगांव जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक महेश्वरी के सनसिटी स्थित निवास पर सीबीआई की टीम ने आज फिर दबिश दी और दस्तावेजों की जांच की। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई को उनके घर से कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं।

इससे पहले, कल सीबीआई की टीम जब उनके घर पहुंची, तो वहां कोई भी नहीं मिला था, जिसके बाद अभिषेक महेश्वरी के घर को सील कर दिया गया था।

विनोद कुमार शुक्ल–साक्षात्कार

हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक विनोद कुमार शुक्ल को प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया है। विनोद कुमार शुक्ल से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल सुबह साढ़े ग्यारह बजे से आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे। इसका प्रसारण मीडियम वेव और एफ.एम. दोनों चैनल पर होगा।

भोरमदेव महोत्सव

कबीरधाम जिले में कल से शुरू हुए उनतीसवें भोरमदेव महोत्सव का आज समापन होगा। भोरमदेव महोत्सव के बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे कबीरधाम संवाददाता सुरेशचंद्र श्रीवास्तव।

इससे पहले, कल महोत्सव का उद्‌घाटन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भोरमदेव महोत्सव, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए एक सौ छियालीस करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करने की घोषणा की। भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध कलाकार हंसराज रघुवंशी सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

शबे कद्र

इस समय रमजान का पाक महीना चल रहा है। मुस्लिम समाज के लोग आज शबे कद्र की रात में अपने मरहुमों को याद करेंगे। इसे लेकर घरों और इबादतगाहों में विशेष सजावट की गई है। इसी के साथ लगभग एक महीने से जारी तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ पूरी की जाएगी। इस दौरान मस्जिदों के पेश इमाम, नायाब इमाम, मोअज्जिन और खिदमत करने वालों के साथ कुरान सुनने वाले हाफिजों का विशेष सम्मान किया जाएगा।

सहायक शिक्षक भर्ती–अंतिम तिथि

लोक शिक्षण संचालनालय ने सरगुजा और बस्तर संभाग में सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवे चरण के दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी तीन अप्रैल तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं। इससे पहले, दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया उन्नीस से छब्बीस मार्च तक निर्धारित की गई थी।

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीधी भर्ती के तहत बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में सहायक शिक्षक के पदों पर भर्ती की जा रही है।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज–वाईफाई

रायगढ़ स्थित स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फ्री वाई–फाई सुविधा की शुरूआत की गई है। यह सुविधा राज्य के किसी भी शासकीय मेडिकल कॉलेज में पहली बार शुरू की गई है। इस सुविधा को डिजिटल हेल्थ को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम के रूप में देखा जा रहा है। फ्री वाई–फाई सुविधा से ओपीडी में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को आभा ऐप के माध्यम से डिजिटल पंजीयन में आने वाली समस्याएं दूर होंगी।

संक्षिप्त समाचार–01

समाचार संक्षेप में ...

- केंद्रीय खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार कल से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे उनतीस मार्च को कोंडागांव के संबलपुर में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

- सीबीआई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल और विधायक देवेन्द्र यादव के यहां मारे गए छापे के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में भी गांधी मैदान के सामने कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी तीस मार्च को बिलासपुर जिले के मोहभट्टा आएंगे। प्रधानमंत्री के प्रवास की तैयारियों को लेकर कल मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों की बैठक ली।

- बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में आठ नये डिप्टी कलेक्टरों की पदस्थापना।

- की गई है। ये सभी डिप्टी कलेक्टर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे।

- रेलवे द्वारा गोरखपुर स्टेशन में किए जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली चार रेलगाड़ियों को चौबीस अप्रैल से पांच मई के दौरान रद्द किया जाएगा। इनमें दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस शामिल है।

- रायपुर के पास उरकुरा में समपार फाटक पर मरम्मत कार्य के कारण कल सुबह आठ बजे से लेकर एक अप्रैल शाम आठ बजे तक इस मार्ग पर सड़क यातायात बंद रहेगा।

संक्षिप्त समाचार–02

- भिलाई नगर निगम में आज महापौर नीरज पाल ने आज करीब आठ सौ करोड़ रूपये का बजट पेश किया।

- जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायगढ़ में कल अट्ठाईस मार्च को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

- जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र के हर्राडांड के पास एक पिकअप वाहन के पलट जाने से उसमें सवार चौबीस लोग घायल हो गए हैं। इनमे से पांच की हालत गंभीर है।

- कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक घायल हो गया है।

- शिरडी में आयोजित राष्ट्रीय बॉडी–बिल्डिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के योगेन्द्र नाग ने मेन्स फिटनेस स्पर्धा के जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है।